महत्वपूर्ण एवं खास

गर्मी के मौसम में तरावटी फलों की मांग बढ़ी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में इस बार प्रचंड गर्मी पड़ रही हैं लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोगो को अधिक पानी वाले फलो की आवश्यकता पड़ रही हैं, तरबूज खरबूज,खीरा और ककड़ी की माग बाज़ारो में बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में इन फलों का अधिक उत्पादन महानदी के तटीय इलाकों में होता हैं जैसे कि शिवरीनारायण,महासमुंद और आरंग में साथ ही साथ बाहर रॉज्यो से भी इन फलों को मंगाया जाता है। गर्मियों के समय इन फलों का सेवन करने से शरीर मे डिहाइड्रेशन से बच सकते हैं शरीर मे पानी की कमी नही होती हैं। चिकित्सको की माने तो लोगो को इस सीजन में अधिक से अधिक इन फलों का सेवन करना चाहिए।

11 किलो गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले के मदार्पाल तिराहा के पास से मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई कि काले रंग के पि_ू बैग में गांजा का पैकेट रखकर रायपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे आरोपी करन कुमार पिता ओमप्रकाश केकब्जे से 11 किलो गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 02 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में उसने बताया कि नंदो राम बघेल निवासी बस्तर से गांजा खरीदना बताया। तब कोंडागांव पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा आरोपी नंदोराम बघेल पिता बैसाखू राम को करपावण्ड जिला बस्तर से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपी को थाना कोण्डगांव मे अपराध क्रमांक 150/2022, धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर न्यायालय के आदेश से आज जेल दाखिल किया गया।

447 छात्रों ने दी प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा

सुकमा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा गत दिवस रविवार को आयोजित की गई। जिसमें जिले से 447 बच्चों ने परीक्षा दी। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित जिलों मे स्थित शालाओं से पूर्व माध्यमिक (कक्षा 8वी) उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शालेय शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल, वाणिज्य, सीए, सीएस, सीएमए तथा क्लेट विषय से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है।

केन्द्रीय परिवहन मंत्री छत्तीसगढ़ आयेंगे 21 को

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 21 अप्रैल को प्रात: 11:00 छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद 2.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट से नागपुर के लिए रवाना होंगे। रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेने के साथ एन एच ए आई के अधिकारियों के साथ भी बैठक लेंगे।

ईटीवी भारत में साक्षात्कार के लिए जनसंचार विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन

रायपुर (आरएनएस)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 8 अप्रैल को प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें हैदराबाद की संस्था ईटीवी भारत ने 2 पालियों में कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा आयोजित की गई। आयोजित परीक्षा में जनसंचार विभाग के पांच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। जिनमें धनंजय सिंह साहू , नीलेश साहू, राम कुमार नायक, विभांशु द्विवेदी, विनायक सिंह नागवंशी का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। ईटीवी भारत संस्था के हैदाराबाद कार्यालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार का आयोजन कर चयन प्रक्रिया पूरी की जायेगी। जनसंचार विभागाध्यक्ष एवं प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. शाहिद अली ने साक्षात्कार में चयनित विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

नक्सलियों ने 8 वाहनों को किया आग के हवाले

❑ **पहली बार माओवादियों के आगजनी की घटना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी**

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के नैमेड थाना क्षेत्र के एनएच पर स्थित मिंगाचल बस्ती में माओवादियों ने बीती रात 9 बजे के आसपास बड़ी घटना को अंजाम देते हुए रेत खनन में लगे 6 टिप्परों और दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया है। वाहनों में आगजनी की खबर के बाद पहली बार जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी घटना स्थल पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया किंतु आग इतनी ज्यादा लग चुकी थी कि सभी वाहने 80 प्रतिशत जल चुकी है । इस घटना के बाद एक बार फिर एनएच में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

बीती रात माओवादियों ने मिंगाचल बस्ती में रेत ठेकेदार के रेत डंप साईड में पहुंच कर वहां खड़ी 6 टिप्पर वाहन और दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया है। घटना स्थल सीआरपीएफ मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर और थाने से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । लंबे समय के बाद माओवादियों ने एनएच 63 के करीब आकर इस तरह की बड़ी घटना को अंजाम देकर चले गए हैं, वहीं जिले के फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के जज्बे ने सभी को चौंका दिया है , घटना के कुछ समय के बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया । जबकि माओवादी घटना के बाद एकाएक घटना स्थल पहुंचना सम्भव नही होता, इसके बावजूद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी खुद की परवाह किये बिना घटना स्थल पहुंच गए थे। इस घटना के बाद से एक बार फिर क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है, इस मार्ग से गुजरने वाले एनएच 63 को सुरिक्षत मानते थे, किंतु इस घटना ने सभी के दिल मे माओवादी दहशत पैदा कर दिया है।

बीजापुर- मुठभेड़ में एक जवान घायल, ग्रेनेड लांचर व कई जिंदा बीजीएल सेल बरामद

जिले के थाना बासागुड़ा क्षेत्रांतर्गत पेगड़ापल्ली कैम्प से डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए कोत्तागुड़ा की ओर रवाना हुये थे। सर्चिंग के दौरान लगभग 01 बजे कोत्तागुड़ा एवं ग्राम पेगड़ापल्ली के मध्य (कैम्प सारकेगुड़ा से लगभग 03 किमी दक्षिण दिशा) में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में कोबरा के जवान- प्रआर. संजीव कुमार के पैर में गोली लगने से घायल हो गये हैं।घायल जवान फील्ड हॉस्पिटल बासागुड़ा पहुंच चुका है। एसटीएफ एवं कोबरा 210 की जवाबी कार्यवाही में माओवादी भाग खड़े हुये। मुठभेड़ स्थल से सर्चिंग में एक बैरल ग्रेनेड लांचर एवं कई जिंदा बीजीएल सेल, विस्फोटक, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के हताहत होने का दावा जवानों ने किया है। आईजी सुदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

बीजापुर- नक्सलियों के परिजनों ने कुटरू थाने के सामने बस रोककर मचाया हंगामा

जिले के थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत 04 फरवरी 2022 को मंगापेंटा व बरगापारा के बीच आगजनी की घटना शामिल 09 नक्सलियों हूंगा कवासी पिता गंगो कवासी, वामन पोयाम पिता वैषू पोयाम, सुखराम पोयामी पिता सोंगडू पोयामी, फगनू माडवी पिता मंगलू माडवी, सीतो राम माडवी पिता बुधरू माडवी, तुलसी राम माडवी पिता पाण्डू माडवी, नितेष कुमार पोयामी पिता मासो पोयामी, बदरू माडवी पिता चमरू माडवी तथा चन्दरू कुहरामी पिता सन्नू कुहरामी को एरामंगी से गिरफ्तार किया गया। जिन्हे कुटरू थाने में कार्यवाही के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेशी में ले जाने के दौरान गिरफ्तार नक्सलियों के परिवार के महिलाएं गिरफ्तार नक्सलियों को निर्दोष बताकर न्यायालय जाने वाली गाड़ी को रोका और काफी हंगामा मचाया, देर तक हंगामा चलता रहा, इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस के बड़े अधिकारी कोतवाली पंहुचकर हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। जिसके बाद सभी लोगों को न्यायालय दन्तेवाड़ा ले जाया गया।

नारायणपुर- माओवादियों ने सड़क़ खोदकर किया बस्तर फ ाइटर भर्ती का विरोध, आवागमन बाधित

माओवादियों ने अपने टीसीओसी सप्ताह के दौरान नारायणपुर ओरछा मार्ग को रायनार के पास खोदकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया है , साथ ही बेनर लगा कर बस्तर में हो रहे बस्तर फाइटर फोर्स की भर्ती का विरोध किया है। माओवादियों के इस हरकत से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है।

बस्तर सम्भाग के नारायणपुर, सुकमा, कांकेर और बीजापुर जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लगातार हो रहे माओवादी घटनाओं से दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है । इस समय माओवादी टीसीओसी सप्ताह मना रहे हैं, और इस दौरान माओवादियों द्वारा घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जाता है।

दीपका खदान से चोरों ने फिर किया लाखों का डीजल पार

❑ **सुरक्षा पर भारी खर्च फिर भी नतीजे सिफर**

कोरबा। कोयला उत्पादन और डिस्पैच की चुनौतियों को लेकर एसईसीएल जी तोड़ मेहनत कर रही है तो संगठित चोर गिरोह चपत लगाने के मामले में पीछे नहीं है। एसईसीएल की दीपका माइंस में डीजल चोरी का सिलसिला जस की तस बना हुआ है। पिछली रात बारी-बारी से आये चोरों ने दो डोजर को निशाना बनाया और लाखों का डीजल पार कर दिया। पुलिस को सूचना देने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार चोरों की संख्या 15 से अधिक बताई गई है जो बीती रात यहां पहुंचे। चोरों के द्वारा उस रास्ते का इस्तेमाल किये जाने की जानकारी मिली जिसका उपयोग ओवरबर्डन में लगे वाहन करते हैं। इस इलाके में प्रबंधन के द्वारा गोदावरी प्राइवेट लिमिटेड को ओवरबर्डन हटाने का काम दिया गया है। संबंधित गतिविधियों के साथ चोरी-चकारी का दौर भी चल रहा है। बताया गया कि दीपका माइंस में सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। सोमवार की रात 8.30 बजे के आसपास चोरों के समूह ने धावा बोला। उनकी हरकतों को नजदीक में मौजूद विभागीय सुरक्षा कर्मी नजर रख रहे थे। सुरक्षा कर्मी सीमित थे इसलिए उन्होंने इस बारे में सीआईएसएफ की क्विक रिस्पांस टीम को खबर दी। जैसा कि पहले होता आया है, काफी देर बीतने के बाद टीम यहां पहुंची। इससे पहले तक चोरों ने डोजर को निशाना बनाया और उसमें मौजूद डीजल पार कर दिया। इस घटना के बाद रात्रि 11 बजे फिर चोरों की उपस्थिति यहां पर हुई। कैम्पर वाहन में काफी जेरीकेन और पाइप के साथ पहुंचे चोरों ने एक और डोजर को निशाने पर लिया और उसका डीजल निकाल दिया। सूत्रों ने बताया कि चोरों के द्वारा डोजर संख्या 12078 और 12079 से डीजल की चोरी की गई। दोनों घटना के दौरान क्यूआरटी को फोन पर सूचना दी गई और तुरंत पहुंचने को कहा गया। हैरत की बात यह है कि लगभग एक घंटे बाद सीआईएसएफ की टीम यहां पहुंची। जाहिर है इस समय तक चोर उनका इंतजार कैसे करते। प्रबंधन को इस घटना में हुई अच्छी खासी चपत लगी है। घटनाक्रम की इंटरनल रिपोर्टिंग करने के साथ आगे अवगत कराया जाएगा। वर्तमान में पुलिस को इस बारे में सूचित नहीं किया गया है।

एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को देखते हुए सीआईएसएफ के साथ-साथ त्रिपुरा राइफल्स को लगाया गया है। सुरक्षा के काम में आंतरिक व्यवस्था भी की गई है। हर महीने कई करोड़ की राशि इस पर खर्च की जा रही है लेकिन नतीजे अनुकूल नहीं है। सर्वाधिक मामले कोरबा के साथ-साथ सूरजपुर, शहडोल और रायगढ़ जिले के कोलफील्ड्स में सामने आ रहे हैं। इसे लेकर चिंता जताने का दौर जारी है लेकिन प्रभावी उन्मूलन को लेकर ठोस नीति नहीं बन सकी है।

टंगिया से पुत्री की हत्या करने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अमरकोट में एक युवक ने अपनी पत्नी पर टंगिया से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम अमरकोट में आरोपी अनंतराम भोई 45 वर्ष ने घर के परछी में सो रही अपनी पुत्री सरस्वती भोई पर टंगिया से हमला कर दिया। जिससे उसकी चीखने की आवाज आई तो उठकर उसके भाई द्वारा देखा जो इसके पिता अनंत भोई के हाथ में टंगिया था तथा हत्या करने की नियत से उसकी बहन सरस्वती के गले व चेहरे में वार कर रहा था। तब अपने पिता के हाथ से टंगिया को छीना तथा अपनी मां को बताया जो वह भी कमरे में आ गई। सरस्वती खून से लथपथ थी मां कमला ने सरस्वती को हिला डुला कर देखा तो सरस्वती मृत अवस्था में पाई गई, फिर आरोपी वहां से फरार हो गया थाना सरायपाली स्टाफ द्वारा ग्राम अमरकोट में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया तथा उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अनंतराम भोई बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसके घर के कमरे से टंगिया बरामद कर लिया है।

केंद्रीय योजनाओं को परिणाममूलक बनाने के लिए समन्वय जरूरी: अश्वनी चौबे

कोरबा। वन पर्यावरण और उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय कार्य मंत्री अश्वनी चौबे ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा में कहा कि व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय योजनाएं तैयार की गई है और इसका क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं को परिणाममूलक बनाने के लिए समन्वय आवश्यक है और इसे पूरा किया जाएगा।

कोरबा जिले के प्रवास पर आये केंद्रीय मंत्री चौबे जिला पंचायत सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की। सांसद ज्योत्सना महंत इसमें मौजूद रहीं। कलेक्टर रानू साहू ने योजनाओं को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आकांक्षी जिलों को केंद्र में रखते हुए कई योजनाएं संचालित की जा रही है और इनके माध्यम से महत्वाकांक्षी कार्यों को किया जा रहा है। तय समयसीमा में कार्यों को किया जाना है। इसमें कई प्रकार के मापदंड भी शामिल किये गए हैं। इसके पैरामीटर पर खरा उतरने की अपेक्षा राज्यों से की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन प्रबंधन के साथ-साथ उपभोक्ता मामलों के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं। लोगों को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार की गई है और उद्देश्य यही है कि हर हाल में इनका लाभ दिया जाए। सरकारी तंत्र की भूमिका योजनाओं की सफलता में सबसे निर्णायक है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि अधिकारी बेहतर प्रदर्शन करने के साथ योजनाओं को उच्च स्तर पर ले जाएं। इसकी सफलता से होने वाले फायदों की चर्चा भी केंद्रीय मंत्री ने की।

इंग्लिश मिडियम स्कूलों के निर्माण कार्यो को समय सीमा में करे पूर्ण: कलेक्टर

❑ **कलेक्टर रानू साहू ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलों के निर्माण कार्यो के प्रगति और अद्यतन स्थति की जानकारी ली। उन्होने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूलों के निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। कलेक्टर साहू ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के अधोसंरचना, स्थापना, स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान, साइकिल वितरण आदि की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से ली। साथ ही जर्जर, अति जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी लेकर मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूल भवनों में आवश्यक मरम्मत के कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने मॉडल शौचालय निर्माण के लिए चयनित स्कूलों और स्कूलों में रनिंग वाटर पेयजल आपूर्ति के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूलों में प्रयोग शाला उपकरण, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर सेट एवं खेल मैदान आदि की उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में उपलब्ध और रिक्त शिक्षकों के पदों के बारे में जानकारी ली तथा रिक्त पदों में भर्ती के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज, जिला खाद्य अधिकारी जे.के. सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर साहू ने खाद्य विभाग के समीक्षा बैठक के दौरान हितग्राहियों को अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता, निशक्त:जन, बी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. राशन कार्ड धारक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी जिला खाद्य अधिकारी से ली। उन्होने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत् हितग्राहियों को दिये जा रहे अतिरिक्त चावल के आबंटन की भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत् अप्रैल माह से सितम्बर 2022 तक प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल का अतिरिक्त आबंटन किया जा रहा है।

ट्रांसपोर्टनगर के बंद प्रियदर्शनी सेवा केंद्र में जल्द मिलेगी सी-मार्ट की सुविधा

कोरबा। शहर के प्रमुख व्यवसायिक केंद्र बन चुके ट्रांसपोर्टनगर में लोगों को खरीदारी के लिए डिपार्टमेंटल स्टोर की तरह सी.मार्ट की सुविधा भी जल्द मिलने लगेगी। इसके लिए प्रशासन ने ट्रांसपोर्टनगर चौक में अल्का कॉम्प्लेक्स के पीछे प्रियदर्शनी सेवा केंद्र को सी.मार्ट के रूप में तैयार किया हैए जहां जिले की स्व.सहायता महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद बिकेंगे। प्रियदर्शनी सेवा केंद्र के करीब डेढ़ दशक से बंद होने के बाद से भवन खाली था।

प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में लोकल उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को सशक्तीकरण व स्वावलंबी बनाने सी.मार्ट खोलने का निर्देश के बाद प्रशासन ने भवन को अपग्रेड कर तैयार किया। सी.मार्ट में गांव व गोठानों में महिला स्व.सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामान की बिक्री होगी। साथ ही शिल्पियोंए बुनकरोंए दस्तकारोंए कुम्भकारों व अन्य पारंपरिक.कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यावसायिक ढंग से बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इस तरह लोकल उत्पाद रिटेल काउंटर के जरिए सीधे ग्राहकों तक पहुंचेगा।

सी.मार्ट के बाद बिहान बाजार भी होगा विकसित:- शहर में अभी डिपार्टमेंटल स्टोर की तरह सी.मार्ट तैयार कर लिया गया है। जहां लोकल उत्पाद की बिक्री शुरू होने के बाद सुनालिया चौक के पास बने मल्टीलेवल पार्किंग में बिहान बाजार भी विकसित किया जाएगा। जहां बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए कैंटिन, स्टेशनरी, मशरूम व अन्य सेंटर खोला जाएगा। जिससे आय होगा और स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाएं स्वावलंबी बनेगी। लोगों को पार्किंग की समस्या से पड़ेगा जूझना भले ही प्रशासन ने लोगों की सहूलियत के हिसाब से ट्रांसपोर्टनगर के प्रियदर्शनी सेवा केंद्र को सी.मार्ट बनाया है, जिसके शुरू होने के बाद सुविधाएं मिलेगी। वहीं दूसरी पार्किंग की समस्या भी होगी। क्योंकि जहां पर सी.मार्ट है, वह होटल शॉलिन का परिसर है। वाहनों के पार्किंग के लिए पुलिस सहायता केंद्र के पीछे जो जगह है, वहां वर्षों से अघोषित टैक्सी स्टैंड है। ऐसे में सी-मार्ट में भीड़ बढऩे पर पार्किंग समस्या से जूझना पड़ेगा। खुलने को तैयार सी-मार्ट।

डॉ. शर्मा सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन एवं इंटरनेशनल मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

कोरबा। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2020-21 के डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल अवार्ड कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3233 सी वर्ष 2020-21 के जोन वन के जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा को सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन एवं इंटरनेशनल मल्टीपल अवार्ड से किया सम्मानित 2020-21 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल ने।

विश्व की अग्रणी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2020-21 का डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन 17 अप्रैल 2022 रविवार को छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री, बिलासपुर के प्रभारी के मुख्य आतिथ्य में, बिलासपुर के विधायक शैलेष पांडेय तथा बिलासपुर नगर पालिक निगम के महापौर रामशरण यादव के विशिष्ट आतिथ्य में एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी वर्ष 2020-21 के गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में होटल इंटरसिटी बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमे लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2020-21 के गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल ने डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2020-21 के जोन वन के जोन चेयरपर्सन लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिये उन्हें बेस्ट जोन चेयरपर्सन तथा इंटरनेशनल के मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही उनके होम क्लब लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट को एक्सीलेंट लायंस क्लब अवार्ड से, क्लब की संरक्षिका लायन संगीता सक्सेना को आउट स्टैंडिंग डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अवार्ड से तथा क्लब के सचिव लायन लड्डन खान को बेस्ट सचिव के अवार्ड से गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल ने सम्मानित किया।

इस डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल अवार्ड कार्यक्रम में मंचस्थ मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री, विशिष्ट अतिथि बिलासपुर विधायक शैलेष पांडे तथा बिलासपुर महापौर रामशरण यादव, अध्यक्ष लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2020-21 के गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल, प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन दिलीप भंडारी, द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेष अग्रवालए कैबिनेट सेक्रेटरी लायन विजय अग्रवाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी लायन कामायनी दुबे, ट्रेसरार लायन राजकुमार अग्रवाल, जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन पवन शर्माए रीजन 1 के रीजन चेयरपर्सन लायन अजय धनोंदिया, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन वी के अग्रवाल, लायन एम डी माखीजा, लायन प्रीतपाल बाली, लायन बसंत मिश्रा, लायन जसप्रीत होरा एवं त्रिलोकचंद बरडिया के अलावा लायन सत्येंद्र वासन, मीना सिंह, तथा बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन लायंस क्लब के पदाधिकारी तथा सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर वेबसाइट, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU